**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 899**
**07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**फाइलेरिया हाइड्रोसील के मामले**

**899. श्री महेश कश्यप:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बस्तर लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पिछले वर्ष के दौरान फाइलेरिया हाइड्रोसील संक्रमण से पीड़ित रोगियों की संख्या कितनी है; और

(ख) उक्त रोग फैलने के क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा इसकी रोकथाम हेतु क्या उपाय किये जा रहे हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) और (ख): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी) को प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में बस्तर में 28 रोगी फाइलेरिया हाइड्रोसील से पीड़ित थे। बस्तर लिम्फेटिक फाइलेरिएसिस (एलएफ) कार्यक्रम के तहत एक नया मैप किया गया जिला है और वर्ष 2024 से वार्षिक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान शुरू हो गया है। इसमें अनुमानित पात्र जनसंख्या के सापेक्ष 92% एमडीए कवरेज को प्राप्त कर लिया गया है।

भारत सरकार ने एलएफ मामलों की रोकथाम और उपचार के लिए निम्नलिखित 5-सूत्री कार्यनीति अपनाई है, जिसे बस्तर सहित देश के सभी एलएफ प्रभावित जिलों में लागू किया जा रहा है:

(1) मिशन मोड वार्षिक एमडीए।

(2) शीघ्र निदान और उपचार पर फोकस करने सहित रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता की रोकथाम।

(3) बहु-क्षेत्रीय समन्वित प्रयासों सहित एकीकृत वेक्टर नियंत्रण।

(4) संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ उच्च स्तरीय संरक्षण और

(5) एलएफ के लिए मौजूदा डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाना और वैकल्पिक निदान का पता लगाना।

*****